संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 52 | मेरठ, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया



# भारत और कोरिया का 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का है लक्ष्य : मोदी

» एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "राष्ट्रपति ली, दोनों देशों के डेलिगेट्स और मीडिया के साथियों नमस्कार। पहली भारत यात्रा पर प्रेसिडेंट ली का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। राष्ट्रपति ली का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। हर चुनौती में उनके भीतर जन सेवा के संकल्प को और सशक्त किया है। भले ही यह उनकी पहली भारत यात्रा हो लेकिन भारत के प्रति उनकी आत्मीयता हमारी पहली मुलाकात से ही स्पष्ट रही है।" पीएम मोदी ने कहा, "आठ वर्ष बाद कोरिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतांत्रिक मूल्य, मार्केट इकोनॉमी और कानून को लेकर सम्मान हम दोनों देशों के डीएनए में है। हिंद प्रशांत क्षेत्र में भी हमारा कॉमन आउटपुट है। इन सबके आधार पर पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। उनकी यात्रा से हम इस भरोसेमंद साझेदारी को भविष्य की साझेदारी में बदलने जा रहे हैं। हम चिप से लेकर चिप्स, टैलेंट से लेकर तकनीक, पर्यावरण से लेकर ऊर्जा हर क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे और साथ मिलकर दोनों देशों के विकास और समृद्धि सुनिश्चित करेंगे।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

दोनों देशों के बीच फाइनेंशियल फ्लो को सुगम बनाने के लिए हमने भारत-कोरिया फाइनेंशियल फोरम की शुरुआत की है। सहयोग को बल देने के लिए हमने एक इंडस्ट्रियल कॉपरेशन कमेटी का गठन किया है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग शुरू कर रहे हैं। हम कोरिया की कंपनी खासकर एसएमई की भारत में एंट्री सहज करने के लिए कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी स्थापित करेंगे।" उन्होंने कहा, "अगले एक वर्ष के अंदर हम भारत-कोरिया ट्रेड समझौते को अपग्रेड भी करेंगे।

## दिल्ली की हरियाली की रक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने पेड़ों से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अधिसूचित कर दी है। मुख्यमंत्री ने इस पहल को दिल्ली की हरियाली की रक्षा और पेड़ संरक्षण कानूनों के सख्त प्रवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा दिल्ली प्रिजर्वेशन ऑफ ट्रीज एक्ट 1994 की धारा 33 के अंतर्गत यह एसओपी अधिसूचित की गई है। इसके तहत पेड़ों की अवैध कटाई, क्षति पहुंचाने और अनधिकृत गतिविधियों की रोकथाम, पहचान और अभियोजन के लिए एक मजबूत, पारदर्शी और समयबद्ध तंत्र स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि इस एसओपी के लागू होने से कानून उल्लंघन के प्रत्येक मामले में प्रभावी और जवाबदेह कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसओपी के तहत एक सुदृढ़ त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से नागरिक टोल फ्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल और ऑफलाइन माध्यमों से शिकायत दर्ज करा सकेंगे। सभी शिकायतें वास्तविक समय में संबंधित फील्ड अधिकारियों तक प्रेषित की जाएंगी, जिससे तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। मुख्यालय और डिवीजन स्तर पर गठित क्विक रिस्पॉन्स टीमें (क्यूआरटी) निर्धारित समय सीमा में मौके पर पहुंचकर आगे होने वाले नुकसान को रोकेंगी। साथ ही, जियो टैग्ड फोटो और वीडियो के माध्यम से साक्ष्य का वैज्ञानिक संकलन करेंगी। रेखा गुप्ता ने कहा कि एसओपी के अंतर्गत फील्ड स्तर पर प्रवर्तन को और अधिक सशक्त किया गया है। वन विभाग के अधिकारियों, जिनमें बीट ऑफिसर और ट्री ऑफिसर शामिल हैं, को उल्लंघनों को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने, अपराध में प्रयुक्त उपकरणों को जब्त करने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने के अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिससे पेड़ संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

## गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली गोरखगिरि बनेगी वैश्विक आकर्षण का केंद्र : जयवीर

» एजेंसी। लखनऊ

वीरों की धरती बुंदेलखंड के महोबा स्थित गोरखगिरि पर्वत अब प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। 'स्वदेश दर्शन 2.0' योजना के तहत करीब 11.21 करोड़ रुपये की लागत से यहां पर्यटन विकास कार्य पूरा हो चुका है। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलने की संभावना है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि महोबा में स्थित गोरखगिरि अब आध्यात्मिक पर्यटन का नया हॉटस्पॉट बनने जा रहा है। यह परियोजना न सिर्फ श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं देगी, बल्कि गुरु गोरखनाथ से जुड़े इस पवित्र स्थल की समृद्ध विरासत को संरक्षित करते हुए उसे वैश्विक पहचान भी दिलाएगी। पर्यटन मंत्री के मुताबिक, साल 2025 में ही महोबा में करीब 28 लाख पर्यटक पहुंचे, जो इस क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता और संतुलित विकास का बड़ा प्रमाण है। महोबा के गोरखगिरि में पर्यटन का नया अध्याय लिखा गया है। पर्यटन परियोजना के तहत शिव तांडव मंदिर और गोरखगिरि मंदिर का कायाकल्प किया गया। पर्यटक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए आधुनिक शौचालय, पर्यटक सुविधा केंद्र और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए वेंडर कियोस्क भी विकसित किया गया है। आगंतुकों की आध्यात्मिक शांति के लिए ध्यान केंद्र और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए ओपन थिएटर इस स्थल की खास पहचान बनेंगे।

## हीट वेव पर सरकार तैयार नहीं: देवेंद्र यादव

» एजेंसी। नई दिल्ली

देवेंद्र यादव ने राजधानी में बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव को लेकर रेखा गुप्ता सरकार पर तैयारी न होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मौसम विभाग के येलो अलर्ट के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहे हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि यदि 22 से 24 अप्रैल के बीच तापमान 43 डिग्री तक पहुंचता है, तो पिछले वर्षों की तरह इस बार भी हालात बिगड़ सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2022, 2024 और 2025 में भी भीषण गर्मी के दौरान प्रभावी इंतजाम नहीं किए गए, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हीट वेव का सबसे अधिक असर फुटपाथों, झुग्गी-झोपड़ियों, आश्रय गृहों और खुले स्थानों पर रहने वाले गरीबों तथा फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों पर पड़ता है।

## उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में फरियादियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

» एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय सात कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' में जन-सेवा और प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि उप मुख्यमंत्री ने औपचारिकताओं को परे रखते हुए स्वयं एक-एक फरियादी के पास जाकर, उनसे सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं को अत्यंत आत्मीयता के साथ सुना। प्रदेश के विभिन्न सुदूर जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा साझा की, जिस पर श्री मौर्य ने न केवल उन्हें ढांढस बंधाया, बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की।

जनता दर्शन के दौरान बांदा जनपद से आए रामदत्त और ओम प्रकाश ने भूमि से दबंगों द्वारा किए गए अनाधिकार कब्जे को हटवाने की गुहार लगाई। वाराणसी से आए विजय शर्मा ने गंभीर बीमारी के उपचार के लिए चिकित्सा सहायता अनुदान और राजेंद्र कुमार ने जटिल भूमि विवाद के त्वरित निस्तारण का आग्रह किया। इसी क्रम में कानपुर देहात के दीपक कुमार ने अपने विरुद्ध दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमे को निष्पक्ष जांच कर निरस्त कराने की अपील की, तो कासगंज के चंदन सिंह ने जमीन से जुड़े पुराने विवाद के न्यायसंगत निपटारे की मांग रखी। बदायूं जिले से आए फरियादियों की संख्या भी पर्याप्त रही, जिसमें राम विलास ने वैध विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद दर्ज हुए मुकदमे की जांच कराने, चंद्रपाल ने बिजली संबंधी अन्य प्रकरणों और राम अवतार शाक्य ने अपनी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का पत्र दिया। इसके साथ ही, बलरामपुर के राम अक्षयबर ने असाध्य रोग के इलाज के लिए आर्थिक मदद, फर्रुखाबाद की प्रेमवती शाक्य व सीतापुर के दीपू ने आवास दिलाने और महोबा के दयाशंकर ने अपनी पट्टे की जमीन को दबंगों के चंगुल से छुड़ाने की व्यथा सुनाई। इन तमाम प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने शासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय दिया और कई जिलों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस कप्तानों से दूरभाष पर सीधी वार्ता की और निर्देश दिये कि धरातल पर पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि चिकित्सा सहायता, आवास और अंत्योदय से जुड़े मानवीय मामलों में तत्काल प्रक्रिया पूरी कर राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा और सरकार हर पात्र व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है। श्री मौर्य के इस त्वरित, पारदर्शी और कड़े रुख ने न केवल प्रशासनिक तंत्र को जवाबदेह बनाया, बल्कि कैंप कार्यालय में मौजूद सैकड़ों लोगों के मन में न्याय के प्रति अटूट विश्वास भी जगाया।

## सम्पादकीय

### कार्यस्थल पर भयावह

देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। निस्संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक 'संगठित गिरोह' की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि – 'ऐसी चीजें होती रहती हैं।' आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चित करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है।

# डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

## लाइव निगरानी से बढ़ी जवाबदेही, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

» संवाददाता



गाजियाबाद। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जहां जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से उनकी शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश से जनता दर्शन की प्रक्रिया की लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से निगरानी की जा रही थी।

शासन स्तर से सीधे मॉनिटरिंग होने के कारण अधिकारियों की जवाबदेही और अधिक सुनिश्चित हुई। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जन शिकायतें अनिवार्य रूप से सुनी जाएं और वे ऑनलाइन माध्यम से भी उपलब्ध रहें, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी सुविधा मिल सके। जनता दर्शन के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभागीय अधिकारियों से सीधे संपर्क स्थापित कर शिकायतों की जानकारी ली और तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए।

कार्यक्रम के दौरान एक दिव्यांग महिला दीनमनी शर्मा अपनी समस्या लेकर जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचीं। उन्होंने सुनने में कठिनाई तथा चलने-फिरने में असमर्थता की समस्या बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तुरंत दिव्यांग कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए महिला को तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। साथ ही अगले ही दिन मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें आवागमन में सुविधा मिल सके।

इसी प्रकार अंकुर विहार निवासी अरुण शर्मा ने आवास एवं रोजगार से जुड़ी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार उन्हें आवास उपलब्ध हो चुका है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। जनता दर्शन के दौरान अपर जिलाधिकारी भूमि अर्जन अवनीश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की प्रक्रिया शुरू की। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान करना है।

## औद्यानिक फसलों के प्रबंधन-मूल्य संवर्धन पर कार्यक्रम




» संवाददाता

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में आइक्यूएसी व कौशल विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में औद्यानिक फसलों के तुड़ाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन तथा लैंडस्कैपिंग पर दो अलग -अलग आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य एवं नैक कोऑर्डिनेटर डॉ श्याम किशोर ने फीता काटकर किया। दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 अप्रैल से लेकर के आठ कार्य दिवसों तक आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रमों में लगभग 50 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। दोनों कार्यक्रम रोजगार परक होने के साथ साथ बढ़ती वैश्विक जनसंख्या को देखते हुए आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में लगभग दो दर्जन से अधिक औद्यानिक प्रसंस्कृत उत्पादों को बनाने एवं उपयोगिता के आधार पर पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नैक कोऑर्डिनेटर डॉक्टर श्याम किशोर ने आयोजक विभागों एवं प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक युग में कौशल विकास छात्रों के जीवनयापन व देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक हैं। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो लोकेंद्र कुमार सिंह ने दोनों कौशल विकास प्रशिक्षणों को छात्रों से तन्मयता से लेने का आह्वान किया। जिससे भविष्य में वह रोजगार लेने वाले नहीं रोजगार देने वाले बन सकें।

## जनगणना का प्रगणकों व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

» संवाददाता

बागपत। भारत की जनगणना 2027 को लेकर नगर पालिका परिषद बागपत के नगर की जनगणना के प्रथम चरण (मकान सुचिकरण एवं मकान गणना) के लिए प्रगणको एवं सुपरवाइजरो का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गोल्डन गेट इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। जिसकी शुरूआत एसडीएम एवं जनगणना अधिकारी अमरचंद वर्मा एवं चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कृष्ण कुमार भडाना ने संयुक्त रूप से की।

जिसमें पालिका क्षेत्र के 96 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में से 36 प्रगणको एवं 6 सुपरवाइजरो द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्हें पालिका अधिशासी अधिकारी एवं एसडीएम द्वारा जनगणना कैसे करनी है? किस तरह करनी है? आदि की जानकारी दी। बताया कि इस बार की जनगणना डिजिटल रूप में की जानी है, जिसके प्रथम चरण में 7 मई से 21 मई तक स्व प्रगणना के तहत 34 प्रश्नों के ऑनलाइन जवाब नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत आइडी से पोर्टल पर दर्ज किए जा सकते हैं। एसई की प्रक्रिया ऐच्छिक है, अनिवार्य नहीं है। प्रगणको द्वारा फिल्ड में जाकर 22 मई से 20 जून तक डोर टू डोर 150 से 180 मकानों के एचएलबी में पोर्टल पर दर्ज 34 प्रश्नों के जवाब नागरिकों से पूछकर ऑनलाइन जनगणना पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे। अधिकारियों के बाद प्रशिक्षण फील्ड ट्रेनर और मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिला अस्पताल का किया निरीक्षण

» संवाददाता

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सोमवार को महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल की व्यवस्थाओं और एचपीवी टीकाकरण का जायजा लिया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति पर संतोष जताया। साथ ही कुछ आवश्यक सुधारों के निर्देश भी दिए। अध्यक्ष ने विशेषकर 15 से 16 साल की किशोरियों को लगने वाली एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

### ट्रांसफार्मर लगाने के विरोध में विद्यार्थियों का प्रदर्शन

» संवाददाता

बड़ौत। ऊर्जा निगम द्वारा नगर के नेहरू रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय प्राचीन के बाहर ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। जिसका विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों द्वारा हादसे के डर से विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से ट्रांसफार्मर का स्थान बदलवाने की मांग की गई। लोड बढ़ने की समस्या का हवाला देते हुए ऊर्जा निगम द्वारा प्राथमिक विद्यालय दीवार के पास ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसका फाउंडेशन भी तैयार हो रहा है।

### चार दुकानों और मकान में भीषण आग से सामान राख

» संवाददाता

बड़ौत। नगर की कोताना रोड पर सोमवार की अल सुबह परचून की चार दुकानों और उनके ऊपर बने मकान अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर दुकानों और मकान में रखा सामान बुरी तरह जल गए।

## समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

» संवाददाता

गाजियाबाद। पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाने और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) केशव कुमार चौधरी द्वारा अपने कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव कुमार चौधरी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने फरियादियों से संबंधित मामलों की विस्तृत जानकारी ली और मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाना अनिवार्य है। कार्यालय में आयोजित इस जनसुनवाई कार्यक्रम में भूमि विवाद, साइबर ठगी, पारिवारिक विवाद, चोरी, धोखाधड़ी और स्थानीय स्तर की कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने सभी मामलों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी आम नागरिकों को न्याय दिलाना और उनके भीतर सुरक्षा का विश्वास कायम करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित न रखा जाए, बल्कि समस्या के मूल कारण तक पहुंचकर उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने तथा शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

» संवाददाता

बड़ौत। नगर के जेपी पब्लिक स्कूल के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 97.4 प्रतिशत अंक से लेकर निचले पायदान 80 प्रतिशत तक अंक हासिल किए। इससे विद्याल प्रबंधन और छात्र-छात्राओं में खुशी बनी हुई है। सोमवार को इन मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शरण शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित प्रयास एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करता रहेगा। उन्हें विश्वास है कि उनके विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। निदेशक गौरव शर्मा ने अपने संदेश में कहा यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, दृढ़ निश्चय एवं निरंतर अभ्यास के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहते हैं। नदेशक अभिषेक शर्मा ने भी विद्यार्थियों से भविष्य में भी कड़ी मेहनत करते रहने का आह्वान किया। उपप्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक सदैव विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए तत्पर रहते हैं।

# बोर्ड बैठक में 45.96 करोड़ का बजट पास

» संवाददाता



मेरठ। सोमवार को सरधना नगर पालिका में हुई बोर्ड बैठक में कुल 45.96 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। जिसमें करीब 22 करोड़ से अधिक के विकास कार्य शामिल हैं। जबकि अनुमानित आय करीब 46.15 करोड़ रुपये पेश की गई। बोर्ड बैठक में सभासदों ने अधूरे पड़े निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई। इस दौरान नगर में लगने वाला ऐतिहासिक मेला बूढ़ा बाबू मंडी समिति में लगाने पर सहमति बनी। जिसके लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा। वहीं कुछ सभासदों ने बोर्ड बैठक से दूरी बनाए रखी। जिसके चलते बोर्ड बैठक करीब दो घंटे देरी से शुरू हो सकी। बोर्ड बैठक में विधायक अतुल प्रधान भी शामिल होने पहुंचे। सर्वप्रथम राष्ट्रगान के बाद गत बैठक की पुष्टि की गई। इस दौरान पालिका की अनुमानित आय 4615.76 लाख रुपये पेश की गई। इसके बाद बजट पेश किया गया। बैठक में 45 करोड़ 96 लाख 58 हजार 300 रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। जिसमें करीब 22 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य शामिल हैं। बैठक में विधायक ने कहा कि नगर में बनाई गई नालियों की पुलियों पर आज तक अप्रोच रोड नहीं बनाई गई। जिसके चलते उन पर हादसे हो रहे हैं।

विधायक ने जल्द पुलियों की रैंप बनवाने को कहा। सभासद खालिद अंसारी ने कहा कि तहसील रोड पर टंकी की पाइप लाइन में गेट वॉल लगने चाहिए। क्योंकि तहसील रोड पर लाइन खराब होने पर पूरे कस्बे का पानी बंद हो जाता है। सभासद वीर सिंह भाटी ने उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया। बोर्ड बैठक में ऐतिहासिक मेला बूढ़ा बाबू के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से मेला मंडी समिति परिसर में लगवाने पर मुहर लगाई गई। सभासदों ने कहा कि पुराने स्थल पर जगह की कमी के कारण मेला भव्य नहीं हो पाता। इसके लिए मेला स्थल बदलना जरूरी है। हालांकि मेले की तारीख और समय सीमा अभी तक नहीं हो सकी। इसके अलावा वार्षिक साप्ताहिक पैंठ, विज्ञापन, मीट की दुकान आदि के ठेके छोड़ने पर सहमति बनी। बोर्ड बैठक में कुछ सभासद शामिल नहीं हुए। जिसके चलते ढाई बजे शुरू होने वाली बैठक करीब दो घंटे देरी से हुई। बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन सबीला बेगम, अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला, सभासद शहजाद सितारा, शानू जैन, फरमान अंसारी, राहुल पाल, खालिद अंसारी, मंगू प्रधान, पिंकी सोम, सुमित वाल्मीकि, दीपक जैन, संजय सोनी आदि शामिल रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में भीम आर्मी ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

» संवाददाता

मेरठ। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में सोमवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले लोगों ने जुलूस निकालकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर प्रीपेड स्मार्ट मीटरों से होने वाली विसंगियों से बिजली उपभोक्ताओं को हो रही आर्थिक एवं तकनीकी परेशानियों से अवगत कराया। जबरन लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड मीटर में तब्दील कराने और इन मीटरों को लगाए जाने पर रोक लगाने की मांग की। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र सूद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं बिजली उपभोक्ताओं ने कमिश्नरी पार्क में एकत्र होकर कलक्ट्रेट तक जुलूस निकाला। कहा कि उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर जबरन लगाए और उन्हें बाद में प्रीपेड कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रिचार्ज खत्म होते ही बिजली कट रही है। रिचार्ज के बाद भी घंटों बिजली चालू होने में लग रहे हैं। कहा कि मीटर रीडिंग और बिलिंग में पारदर्शिता की कमी से उपभोक्ता असमंजस में है।

## राम सहाय इंटर कालेज में चलाया वेक्सीनेशन अभियान



» संवाददाता

मेरठ। डिप्थीरिया आऊट ब्रेक की रोकथाम के डीपीटी /टीडी स्कूल आधारित कार्यक्रम के अभियान का शुभारंभ राम सहाय इंटर कॉलेज से आरंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ सीएमओ डा अशोक कटारिया ने किया। इस दौरान छूटे छात्रों को टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अशोक कटारिया ने कॉलेज के छात्रों को बताया डिप्थीरिया परटूसिस एक जान लेवा बीमारी होती है। इसकी रोकथाम के लिए जनपद के स्कूलों में अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अभियान में जिन स्कूलों के छात्र छात्राएं छूट गये थे उनका टीकाकरण कराया जा रहा है। जिससे इस बीमारी से छात्रों को बचाया जा सके। सीएमओ ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों से अपील की है। जो छूटे बच्चे है। उनका टीकाकरण कराए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा प्रवीन गौतम ने बताया कि जिले में अभियान के दौरान 1867 स्कूलों में 2041 सत्रों का आयोजन कर 5 से 6 वर्ष डीपीटी का टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों कराया जा रहा है।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत उन्नत भारत अभियान सेल, सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा गोद लिए गए गांव-सिखेड़ा, लालपुर, मीरपुर और भदौरा-में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान और पदयात्रा आयोजित कर महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो. राकेश सोनी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और महिलाओं की भागीदारी के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। वहीं निदेशक प्रो. नीरज सिंघल ने छात्राओं को शिक्षा और आत्मविश्वास को अपनी ताकत बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं उन्नत भारत अभियान के समन्वयक इंजीनियर आशुतोष मिश्रा ने बताया कि चारों गांवों से 200 से अधिक छात्राओं और 100 से अधिक शिक्षिकाओं व ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंजीनियर प्रत्यूष उपाध्याय, डॉ. निधि चौहान, डॉ. दीपक शर्मा, बृजपाल, प्रवीण चौहान और रंजू अरोड़ा का विशेष योगदान रहा।

## उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर हाईअलर्ट

» संवाददाता

मेरठ। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को गंगानगर स्थित आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि रहेंगे। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन और खुफिया विभाग की टीम ने गंगानगर में डेरा डाल दिया है। गंगानगर को एक सुपर-जोन और पांच सेक्टर में बांटकर पुलिस तैनात की गई है। इसके लिए एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर, आईजी सिक्योरिटी, डीआईजी कलानिधि नैथानी और एसएसपी मेरठ अविनाश पांडेय समेत बाकी पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने सोमवार दोपहर को आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में मीटिंग की और सुरक्षा व्यवस्था परखी। आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के अंदर ही उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हेलीकॉप्टर के उतरने के लिए हेलीपैड बनाया गया है। गंगानगर को एक सुपर जोन और पांच सेक्टर में बांटा गया है।

3 एसपी, 19 सीओ, 50 इंस्पेक्टर और 100 दरोगा समेत 450 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। 50 ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी लगाए गए हैं, साथ ही एलआईयू और इंटेलिजेंस टीम भी लगातार इलाके में निगरानी कर रही है। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की व्यवस्था कराई गई है। गंगानगर में तमाम होटल और सराय में चेकिंग अभियान कराया गया है। आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के आसपास का करीब 100 मीटर का दायरा पुलिस घेरे में रहेगा और ऊंची इमारतों पर पुलिस तैनात की गई है।

## अपराधियों की डिजिटल कुंडली बनाने में मेरठ रेंज अव्वल

» संवाददाता

मेरठ। एनएएफआईएस प्रणाली यानी नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम में अपराधियों का डाटा अपलोड करने में मेरठ रेंज के तीन जिले हापुड़, बुलंदशहर और बागपत अव्वल रहे। मेरठ पुलिस ने आठवां नंबर हासिल किया है। फरवरी 2026 में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार यह रैंकिंग दी गई है। एनएएफआईएस प्रणाली यानी नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम में हर अपराधी की गिरफ्तारी के समय फिंगर प्रिंट को डिजिटल रूप में सुरक्षित कराया जाता है।

## पक्षियों की आजादी से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

» संवाददाता

मेरठ। विश्व पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर सहयोग सामाजिक संस्था द्वारा ब्रह्मपुरी स्थित कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन और प्लास्टिक कप का कम से कम उपयोग करने की अपील की। पर्यावरण संरक्षण में 11 वर्षीय सार्थक शांडिल्य ने पिंजरा खोलकर तोते को उड़ाया और कहा कि पक्षी हमारे अभिन्न मित्र हैं, इन्हें कैद में रखना उचित नहीं है।

कार्यक्रम में प्रीति कौशिक ने धार्मिक संदर्भों के माध्यम से पक्षियों के महत्व को बताया और कहा कि रामचरितमानस व भागवत में भी तोते का विशेष उल्लेख मिलता है। सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि पक्षियों की मधुर आवाज मन को सुकून देती है। संस्था अध्यक्ष दिनेश शांडिल्य एडवोकेट ने पशु-पक्षियों को पिंजरे में रखना क्रूरता बताते हुए इसे कानूनन अपराध बताया। सक्सेस अकादमी के निदेशक डॉ. सचिन शर्मा ने चिंता जताई कि आज पक्षियों की संख्या तेजी से घट रही है और कौआ जैसे उपयोगी पक्षी भी अब कम दिखाई देते हैं। इस अवसर पर सूर्यकांत शर्मा, राजरानी, वैभव शांडिल्य, पंडित विजय शर्मा, प्रीति कौशिक, ऋतु शर्मा, दिनेश शांडिल्य, सार्थक शांडिल्य और डॉ. सचिन शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## 500 महिलाओं की पदयात्रा, सशक्तिकरण का बुलंद संदेश

» संवाददाता



मेरठ। महावीर विवि द्वारा "नारी शक्ति वंदन अधिनियम – प्रचार अभियान (10 अप्रैल, 2026 – 20 अप्रैल, 2026)" के अंतर्गत नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर लगभग 500 महिला प्रतिभागियों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई, जिसके पश्चात पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा ब्लॉक-ए परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न विभागों से होते हुए संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने स्लोगनों के माध्यम से नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाई। साथ ही "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के समर्थन में 9667173333 पर मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस पहल से जोड़ा गया इस दौरान "नारी शक्ति दीवार", हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए समाज में जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई, जिससे आयोजन को व्यापक स्वरूप मिला।

कुलपति प्रो. (डॉ.) सर्वोत्तम दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने छात्राओं को आधुनिक शिक्षा एवं तकनीकों के माध्यम से सशक्त बनाने पर जोर दिया तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## बीएसएनएल कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

» संवाददाता

मेरठ। एयूबी (ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल) के आह्वान पर सोमवार को जीएम बीए जीपीओ कंपाउंड में बीएसएनएल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार द्वारा औद्योगिक महंगाई भत्ता रोके जाने के निर्णय के खिलाफ विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा कि बेसिक एवं आईडीए प्रत्येक कर्मचारी का वैधानिक अधिकार है, लेकिन इसके बावजूद सरकार द्वारा पीएसयू कर्मचारियों और पेंशनरों का आईडीए रोका जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है। मुख्य वक्ता अश्विन कुमार परिमंडल सचिव बीएसएनएल कर्मचारी संगठन ने डॉट और सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की।



## सफाई, सड़क सुधार और प्रदूषण नियंत्रण कार्यों में ढिलाई पर नपेंगे अधिकारी

» एजेंसी। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था, सड़क सुधारीकरण तथा प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप एनुअल एक्शन प्लान में निर्धारित लक्ष्यों को तय समय में पूरा करना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वे सोमवार को अधिकारियों के साथ इन विषयों पर बैठक ले रहे थे। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाएं और गुरुग्राम को स्वच्छ, हरित व प्रदूषण मुक्त बनाने के अभियान में और तेजी लाएं। निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान शहर में डिविजन वाइज सर्फेस पार्किंग की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर खड़े वाहनों की संख्या कम करने से ट्रैफिक जाम में कमी आएगी और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

## बाल विवाह के खिलाफ डीसी ने किया जागरूक

» एजेंसी। फरीदाबाद

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन ने फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में ठाकुर वाड़ा, बाढ़ मोहल्ला और ओल्ड फरीदाबाद सहित कई संवेदनशील इलाकों में नागरिकों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलती है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, निकटतम पुलिस स्टेशन या संबंधित विभाग को दे सकते हैं।

## चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर सुरक्षित

» एजेंसी। फरीदाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मैगपाई के समीप दोपहर करीब 12 बजे चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण ट्रक में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। चालक ने अपनी सूझबूझ से ट्रक को सर्विस लाइन के किनारे खड़ा कर दिया और बाहर निकल गया। चालक के उतरते ही कुछ ही मिनटों में ट्रक के इंजन वाले हिस्से से आग की तेज लपटें निकलने लगीं।

# छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां

### वनवासी कल्याण आश्रम ने रखा जनजातीय विकास का व्यापक परिप्रेक्ष्य

» एजेंसी। गुरुग्राम

वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा की गुरुग्राम इकाई द्वारा सेक्टर-14 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित परिवार मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्यों की छात्राओं ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास और राष्ट्रीय एकात्मता का सशक्त संदेश दिया गया। यह आयोजन आश्रम की गतिविधियों और उसके सेवा प्रकल्पों को समाज के सामने प्रभावी ढंग से रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना।



कार्यक्रम में आरएसएस हरियाणा के प्रांत संघचालक प्रताप ने भी शिरकत की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वनवासी कल्याण आश्रम वैभव सुरंगे ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम वर्ष 1952 से देशभर के जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्य करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि आश्रम गैर-सरकारी सहयोग से शिक्षा, चिकित्सा, ग्राम विकास, आर्थिक विकास और श्रद्धा जागरण जैसे क्षेत्रों में 22 हजार से अधिक सेवा प्रकल्पों के माध्यम से लगभग दो करोड़ वनवासी बंधुओं को लाभान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी बाला साहेब देशपांडे ने बहुत पहले यह अनुभव कर लिया था कि आत्मविस्मृति में खोए वनवासी समाज को जागृत करना आवश्यक है। जनजातीय समाज को उसके गौरवपूर्ण इतिहास, पूर्वजों और परंपराओं से जोड़कर ही स्वाभिमान का पुनर्जागरण संभव है, और स्वावलंबन के माध्यम से ही भारत की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि वनवासी समाज के विकास के बिना राष्ट्र का विकास अधूरा रहेगा और इसी दृष्टि से आश्रम जागृत वनवासी, समर्थ भारत के लक्ष्य को लेकर छोटे-छोटे प्रकल्पों के जरिए गांव-गांव में निस्वार्थ सेवा का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाबी बिरादरी महासंगठन, गुरुग्राम के अध्यक्ष बोधराज सीकरी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि देश की विविधता में एकता के भाव को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र नगरीय प्रमुख, वनवासी कल्याण आश्रम जय भगवान तथा भारतीय बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष अनुप सिंह का भी सौजन्यपूर्ण सहयोग रहा।

विशिष्ट अतिथियों में ओम स्वीट्स, गुरुग्राम के चेयरमैन ओमप्रकाश कथूरिया, भूतपूर्व चीफ जनरल मैनेजर टेलीकॉम डॉ. आर.सी. हुड्डा, भूतपूर्व डायरेक्टर जनरल, सीपीडब्ल्यूडी प्रभाकर सिंह, आरकेसीपीएल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार गोयल, हरियाणा शिक्षण संगठन के प्रांत अध्यक्ष यशपाल यादव, उद्योगपति शेखर तनेजा, श्रीनिवास, अमित भारद्वाज, आरती गुप्ता, तथा समाजसेवी सलूजा शामिल रहे। मंच संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुरुग्राम के विभाग प्रचार प्रमुख अनिल कश्यप ने किया।

# इंदिरा-प्रियंका तक सिमटी कांग्रेस की राजनीति, आम महिला उपेक्षित : कृष्णपाल गुर्जर

» एजेंसी। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल को लोकसभा में गिराकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने पाप किया है, जो इन दलों को भस्म कर देगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार की उपेक्षा नहीं है, बल्कि इन्होंने देश की हर बहन अपमान किया है, महिलाओं के अधिकारों को कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने ठेस पहुंचाई है। इस अपमान की कीमत इन दलों को चुकानी पड़ेगी।




श्री गुर्जर शनिवार रात सेक्टर-15ए स्थित जिला भाजपा कार्यालय अटल कमल पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुनने के बाद पत्रकारों से रुबरु हो रहे थे। गुर्जर ने आगे कहा कि इंदिरा से प्रियंका तक सिमटी हैं इनकी राजनीति, इन्हें अपने परिवार की महिलाओं को संसद में भेजना अच्छा लगता है, लेकिन पार्टी के लिए काम करने वाली आम बहनों को संसद का दरवाजा तक नहीं देखने देना चाहते। कांग्रेस और इंडी नहीं चाहते कि आम महिला संसद या विधानसभा का दरवाजा देखे। वे चाहते हैं कि केवल उनके परिवार की महिलाएं ही निर्णय प्रक्रिया में शामिल हों।

भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं के साथ मोदी जी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज देश की नारी में आक्रोश और गुस्सा है और इसका खामियाजा कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन को आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा, चाहे वह सपा हो, टीएमसी हो या डीएमके।

## योगासन में 15 स्वर्ण पदक जीते

» एजेंसी। फरीदाबाद

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतर-विद्यालयी ताइक्वांडो एवं योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। दिल्ली के बवाना स्थित एल.के. इंटरनेशनल स्कूल में 19 अप्रैल को आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने 15 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक और 2 श्रेष्ठ खिलाड़ी ट्रॉफी अपने नाम की। इसके साथ ही विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ टीम ट्रॉफी भी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 7 की अंकिता और अर्पिता ने दो-दो स्वर्ण पदक जीतने के साथ श्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी हासिल किया। कक्षा 8 की आराध्या, सात की ऋषिका झा, कक्षा 8 की कृतिका और कक्षा 5 की गार्गी ने भी दो-दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। वहीं कक्षा 6 की पूजिता ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता, जबकि कक्षा चार कर आर्य ने एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# स्व. ओम प्रकाश मेहरा की पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को किया सम्मानित

» एजेंसी। रोहतक

तैमूरपुर (जेठपुर) गांव में दिवंगत समाजसेवी स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार की ओर से गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च विद्यालय (पहली से आठवीं कक्षा तक) के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सभी कक्षाओं के 24 विद्यार्थियों के अलावा अन्य कई प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर परिवार की ओर से यह घोषणा की गई कि हर साल इस दिन स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति अधिक लगन पैदा हो।

कार्यक्रम में आसपास के गांवों से सरपंच, पूर्व सरपंचों ने बतौर अतिथि शिरकत की। एक साल पूर्व दिवंगत हुए ओम प्रकाश मेहरा की याद में परिवार की ओर से उनकी प्रथम पुण्यतिथि से गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च विद्यालय के होनहार बच्चों का सम्मान करने की रीत शुरू की गई। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों चिमनी गांव से ठेकेदार कप्तान सिंह, बल्लब गांव के पूर्व सरपंच बिजेंद्र अहलावत, मसूदपुर गांव के पूर्व सरपंच नरेश कुमार का जेठपुर गांव के पूर्व सरपंच रणधीर सिंह, पूर्व सरपंच विनोद कुमार ने स्वागत किया गया। सभी ने दिवंगत ओम प्रकाश मेहरा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बाद में दिवंगत ओम प्रकाश मेहरा की धर्मपत्नी राजकुमारी व अतिथियों की ओर से प्रतिभाशाली बच्चों हिमांशु एनएमएमएस से, नैतिक व जतिन बुनियाद प्रोग्राम से नैतिक व जतिन को भी सम्मानित किया गया। पहली से आठवीं कक्षा तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए, विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य विधाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

## डीसी ने साइलो का किया निरीक्षण

» एजेंसी। कैथल

डीसी अपराजिता ने शुक्रवार को गांव सोलू माजरा स्थित साइलो का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों, साइलो प्रबंधन और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अनलोडिंग प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि सड़कों पर खड़ी ट्रालियों व ट्रकों की लंबी कतारों को जल्द खत्म किया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीसी ने साइलो परिसर में गेहूं से भरी ट्रालियों को खाली कराने की प्रक्रिया को मौके पर समझा और किसानों से सीधे संवाद किया। इसके बाद कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरी व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ढांड और पूंडरी मंडी से आने वाले गेहूं को तेजी से साइलो तक पहुंचाकर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। डीसी ने साइलो अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले से भंडारित गेहूं को शीघ्र खाली कराया जाए, ताकि नए गेहूं के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके। साइलो प्रबंधन के अनुसार, वर्तमान में लगभग 87 हजार मीट्रिक टन गेहूं के भंडारण की क्षमता खाली है।

# प्रनित रस्तोगी ने सीनियर ओपन जिला शतरंज चैंपियनशिप जीती

» एजेंसी। फरीदाबाद

श्रद्धा पब्लिक स्कूल में ऑल फरीदाबाद चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला शतरंज चैंपियनशिप में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। चैंपियनशिप में अंडर-9 श्रेणी के खिलाड़ी प्रनित रस्तोगी ने सीनियर ओपन वर्ग का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। प्रनित इस चैंपियनशिप को जीतने वाले जिले के पहले इतने कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

रविवार और सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता में कुल 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें प्रनित ने अपनी चालों से अनुभवी खिलाड़ियों को मात देते हुए सीनियर ओपन श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, देव प्रताप दूसरे और राज प्रखर तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान पांच अलग-अलग श्रेणियों में मुकाबले हुए, जिसमें अंडर-19 ओपन वर्ग में केशव ने बाजी मारी और भूमिन वर्मा व आरुष पायला क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग में राधिका शर्मा ने पहला, सोम्या ने दूसरा और अद्या कालरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के अन्य परिणामों की बात करें तो स्पेशल अंडर-12 श्रेणी में देव प्रताप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रनित रस्तोगी दूसरे और ईशान सोनी तीसरे स्थान पर रहे।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।

सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844